# मुख्यमंत्री के नाम विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

# गौ तस्करों से जमीन मुक्त की मांग






*** ग्राम भैंसवाही में की गौशाला की मांग।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

विकासखंड नैनपुर के ग्राम भैंसवाही में विगत दिवस मंडला पुलिस और स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही पूरे देश में चर्चा का विषय बन गई है। ग्राम भैंसवाही में चल रहे कत्लखाने और गौ तस्करों को लेकर मंडला पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के बाद अब जिले के हिन्दू संगठन एक मंच में आ चुकें हैं। इस पूरे प्रकरण में ठोस कार्यवाही के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी और उन पर विधि सम्मत कार्यवाही को लेकर मांग की जा रही है। इसके साथ ही इस मामले को लेकर नेताओं के बयान भी प्रशासन के पक्ष में दिए जा रहे हैं। वही औवेसी इस कार्रवाई का विरोध कर रही है।

इसी कड़ी में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने गौवंश वध और गौ तस्करी पर प्रतिबंध लगाने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। विश्व हिन्दू परिषद के जिला सहमंत्री सोनल बर्मन ने बताया कि सौंपे गए ज्ञापन में 15 जून की रात को तहसील नैनपुर के ग्राम भैंसवाही में गौतस्करों पर जिला पुलिस के द्वारा कार्यवाही की गई थी। कार्यवाही के साथ ही यहां पर अवैध रूप से बनें मकानों को राजस्व के द्वारा हटाया गया है, कि नहीं जिससे यहां पर 12 हजार 728 वर्ग फिट जमीन से अतिक्रमण हटाते हुए मुक्त कराई गई है। इस शासकीय भूमि पर जनहित में गौशला निर्माण के साथ ही भैंसवाही ग्राम में स्थाई पुलिस चौकी एवं दोषी अपराधि और गौतस्करों पर कठोर कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आरोपियों पर हुआ ईनाम घोषित

भैसवाही गांव में अवैध रूप से गोमांस का कारोबार करने वाले फरार आरोपियों पर एसपी रजत सकलेचा ने इनाम घोषित किया है। आरोपियों के ऊपर 5-5 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है। मंडला एसपी रजत सकलेचा ने बताया कि इस मामले में फरार प्रत्येक आरोपियों पर पांच-पांच हजार रूपए का इनाम घोषित किया है। इसके साथ ही ऐसे पांच आरोपी जिन पर पूर्व से ही गोवंश से संबंधित अपराध दर्ज हैं, उन पर एनएसए के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### भैंसवाही में चल रहे थे कत्लखाने

नैनपुर थाना क्षेत्र के भैंसवाही गांव में 15 जून की रात्रि को पुलिस ने दबिश दी। पुलिस ने बताया कि इस दौरान 11 घरों से 150 से ज्यादा जीवित गोवंश और भारी मात्रा में गोमांस, हड्डी, चर्बी सहित अन्य अवशेष मिले थे। पुलिस ने इस मामले में 11 आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की है। जिसके बाद प्रशासन ने सभी आरोपियों के घरों को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से एक आरोपी वाहिद खान को गिरफ्तार किया था। बाकी के 10 आरोपी रात में अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। जिन पर पुलिस ने अब पांच-पांच हजार रूपए का इनाम घोषित किया है।

### अतिक्रमण मुक्त जमीन पर बनें गौशाला

पुलिस और जिला प्रशासन के द्वारा यहां अवैध रूप से बने मकान और गोदामों को अतिक्रमण मानते हुए हटा दिया गया है। ग्राम भैंसवाही में हटाए गए अतिक्रमण के बाद यहां से करीब 12 हजार से अधिक वर्गफिट जमीन को मुक्त कराया गया है। जिस पर हिन्दू संगठन के लोग गोशाला निर्माण की मांग कर रहे हैं। वरिष्ठ कार्यकर्ता उमाशंकर गुड्डू सिंधिया ने कहा कि यहां पर गौमाता की हत्याएं की गई हैं और गौतस्करी का काम वर्षो से चल रहा था। इस स्थान में अब गौशाला खोली जाए तो यह उचित होगा। मंडला जिले के ग्राम भैंसवाही में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए करीब 150 गायों को बचाया है। 11 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं 11 अतिक्रमणकर्ताओं के मकान और गोदाम अतिक्रमण मुक्त करते हुए कुल 12 हजार 728 वर्गफिट क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया है।

### आरोपियों को पकड़ने बनाई टीम

थाना नैनपुर अंतर्गत ग्राम भैंसवाही में गौवंश की तस्करी एवं गौवंश वध किये जाने के संबंध में सूचना मिली थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर एसडीओपी नैनपुर नेहा पच्चसिया के नेतृत्व में थाना प्रभारी नैनपुर निरीक्षक बलदेव सिंह मुजालदा द्वारा थाना नैनपुर की पुलिस टीम के साथ ग्राम भैसवाही में दबिश दी गई। दबिश के दौरान ग्राम भैसवाही में 11 घर ऐसे मिले जहां पर गौवंश व उनके अवशेष प्राप्त हुए, जिन्हें जब्त करते हुए पुलिस टीम द्वारा सभी 11 आरोपियों के विरूद्ध थाके नैनपुर में पशु क्रुरता अधिनियम व गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा दबिश के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिससे पूछताछ जारी हैं। शेष अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीम बनाई गई है।

## खबर संक्षेप

### सीएम राईज विद्यालय घुघरी एवं कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव



घुघरी। सी.एम.राईज शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि.घुघरी में स्कूल चले अभियान में प्रवेश उत्सव में बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सीएल वर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी गायत्री सारथी विकासखंड शिक्षा अधिकारी एलएस उइके विकासखंड स्त्रोत समन्वयक हर्ष ज्योतिषी प्राचार्य रमेश कुमार बिसेन एवं एसएमडीसी के सदस्य पलक एवं छात्रों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रमेश कुमार बिसेन द्वारासी.एम. राईज की संक्षेपिका प्रस्तुतकी गई। विधायक पट्टा द्वारा शिक्षासुधार के नये कदम गुणवत्ता पूर्णशिक्षा के बारे में प्रकाश डाला गया एवं सभी छात्र छात्राओं को पूरी लगन से पढ़ाई करने के लिए एवं नियमित विद्यालय आने के लिए कहा गया आगे विधायक पटटा के द्वारासी.एम. राईज की अवधारणा सेपरिचित कराते हुए अधिक सेअधिक प्रवेश लेने की बाद की गईएवं विद्यालय संचालन में आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सीएल वर्मा द्वारा छात्रों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया एवं शिक्षकों को भी पूर्ण ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया विद्यालय मैं केजी वन में 25 तथा कक्षा पहली में 30 छात्रों को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में बच्चों को तिलक लगाकर, फूल माला पहनाकर पाठय पुस्तक वितरित की गई एवं केजी वन के छात्रों को स्टेशनरी वितरित किया गया लेखन क्रिट प्रदान की गई। इस अवसर पर छात्र एवं पालकों में हर्षोल्लास का महौल रहा। इस कार्यक्रम में विलय की गई संस्थाओं एवं मूल संस्थाओं के शिक्षक स्टॉफ मौजूद रहें मंच संचालन शशांक मिश्रा के द्वारा किया गया एवं विधायक एवं सभी अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा बच्चों के साथ बैठकर रूचिकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया गया संस्था के सभी शिक्षकों के द्वारा अमूल्य सहयोग दिया गया।

# मंडला के पांच मामले को मानव अधिकार ने लिया संज्ञान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने विगत दिवसों के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रथम दृष्टया मानव अधिकार उल्लंघन के 25 मामलो को संज्ञान में लेकर संबंधितों से जवाब मांगा है। इन मामलों में मंडला जिले के पांच मामले शामिल है। आयोग ने संबंधितों से जवाब मांगा है।

जानकारी अनुसार जिले के 5 मामले जो समाचार पत्रों मे प्रकाशित हुए थे, जिसमें प्रथम दृष्टया मानव अधिकार का उल्लंघन है, ऐसे मामले को संज्ञान में लेकर संबंधितों से जवाब मांगा है। इस बात की जानकारी कार्यालय प्रभारी मप्र मानव अधिकार आयोग मित्र शिकायत प्रकोष्ठ शाखा मंडला के वरूण विकास नीखर ने दी है। पांच मामलों में मूलभूत सुविधाओं से वंचित बैगा, पेड़ के नीचे खड़े किसान की आकाशीय बिजली गिरने से हुई मृत्यु, पुलिस चला रही चोरी की स्कूटी, कच्ची जहरीली शराब ले रही लोगों की जान, जांच करवाने के लिये परेशान हो रही गर्भवती महिला एवं दिव्यांगता सर्टिफिकेट के लिये दिव्यांग हो रहे परेशान समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित किये गए है।

ज्ञात हो कि मंडला जिले के पांच मामलों में पहला मामला मवई क्षेत्र के बैगा गांव से है। इस वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को खासकर बैगा समाज के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ग्रामीणों क्षेत्र में न ही पक्की सड़क है, और न ही शहर से सीधे तोर पर जुड़े हुये मार्ग। भीषण गर्मी में लोगों को पीने के पानी के लिये परेशान होना पड़ रहा है, क्योंकि गांव के हैंडपम्प कई महीनों से खराब पड़े है, इस कारण ग्रामीणों को बाहर नदी या कुएं से पानी लाना पड़ रहा है। गांव में पर्याप्त शौचालय नही बनने से उन्हें कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, खुले में शौच के लिये जाना पड़ रहा है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर, मंडला से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

दूसरा मामला नैनपुर के सर्रापिपरिया में आकाशीय बिजली गिरने से मौत का है। जिसमें सर्रा पिपरिया में पेड़ के नीचे खड़े एक किसान की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने की घटना सामने आई है। बताया गया कि किसान खेत में काम कर रहा था, इसी दौरान अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। जिससे बचने के लिये किसान महुआ के एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया और पेड़ के पास आकाशीय बिजली गिर गई, इस कारण किसान की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर, मंडला से मामले की जांच कराकर मृतक के वैध उत्तराधिकारियों को शासन की योजना, नियमानुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि के संबंध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

### हैंडपंप का हुआ सुधार कार्य

मवई विकासखंड के अमवार पंचायत के पोषक ग्राम सागोन छापर में पूरा समुदाय बैगा समाज का बसा हुआ है। यहां पेयजल के लिए लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। यहां लोंगो को पीने के पानी के लिए तालाबा, नदी, झिरिया का सहारा लेना पड़ रहा था। जिसके कारण यहां के वंशिदों को परेशानी हो रही थी। ग्राम में एक हैंडपंप था, जो पिछले करीब एक पखवाड़े से बंद पड़ा था। बता दे कि नवभारत मंडला में राष्ट्रीय मानव कहे जाने वाले बैगा समुदाय की इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

# बस स्टैंड में दो पहिया वाहनों का जमावाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नैनपुर



नैनपुर बस स्टेंड वाहनों का पार्किंग स्थल बन गया है। बताया गया कि नैनपुर बस स्टेंड में दिनभर यात्रियों और आमजनों की आवाजाही बनी रहती है। यहां लोग मनमर्जी मुताबिक अपने दोपहिया वाहनों को बस स्टेंड में कहीं भी खड़ा कर देते है। जिससे बस स्टेंड में अव्यवस्था हावी हो गई है। पार्किंग करने वालों को यहां कोई रोकने वाला नहीं है। जिससे लोग कहीं भी अपने वाहन खड़ा कर देते है।

बताया गया कि बस स्टेंड में खड़े होने वाले वाहनों के कारण वाहन मालिकों और यात्रियों के बीच आए दिन विवाद की स्थिति यहां निर्मित होती है। यात्री प्रतिक्षालय के सामने वाहनों का जमावाड़ा लगा रहता है। जिसके कारण यात्री प्रतिक्षालय में यात्री वाहनों का इंतजार करने वाल यात्रियों को वाहनों तक जाने के लिए परेशानी उठानी पड़ती है। यात्रियों की इस समस्या की तरफ नैनपुर नगरपालिका ध्यान नहीं दे रही है।

# सी एम राइज विद्या अंजनिया में मनाया गया प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/अंजनिया



गर्मियों की छुट्टी के बाद से प्रदेश भर में सरकारी स्कूल की शुरूवात हो गई है। इस दौरान 18 जून से 20 जून तक शासकीय स्कूलों में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड बिछिया के अंतर्गत, शासकीय सी एम राइज विद्यालय अंजनिया में स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें ग्राम पंचायत अंजनिया की सरपंच श्रीमती नीतू मरकाम, पूर्व सरपंच सुधीर मरावी ग्राम पंचायत अंजनिया, के अलावा पंचायत के पंच, (ग्राम के वरिष्ठ नागरिक शालिगराम शुक्ला और शाला के पूर्व सेवानिवृत शिक्षक), (भगवत प्रसाद झारिया शाला के पूर्व सेवानिवृत शिक्षक), (रोहिणी प्रसाद शुक्ला शाला के पूर्व सेवानिवृत शिक्षक,) जनप्रतिनिधि, पालक, शालेय परिवार के प्राचार्य हेमंत कुमार राणा, समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं और और स्कूल के कर्मचारी आदि की उपस्थित महत्वपूर्ण रही है।

उक्त कार्यक्रम की शुरुआत प्रवेश उत्सव 2024 25 की थीम के आधार पर माँ सरस्वती के पूजन व बंदन से किया गया। कार्यक्रम में माननीय शिक्षा मंत्री का संदेश कक्षा 1 से आठवीं तक का वाचन शिक्षक ए.के. पटेल एवं कक्षा 9वी से 12वीं का वाचन वरिष्ठ शिक्षक आर के भांडे, के द्वारा किया गया एवं उपस्थित बच्चों को पाठक पुस्तक वितरित की गई, अंत में शाला के प्राचार्य वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा, अपने उद्बोधन में बच्चों के नियमित पढ़ाई एवं अभिभावकों के सहयोग के संबंध में चर्चा की गई।

## कार्यक्रम

## सिकल सेल एनीमिया को लेकर हर व्यक्ति का जागरूक रहना आवश्यक।

# हर व्यक्ति की काउंसलिंग जरूरी

*** विश्व सिकलसेल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





विश्व सिकलसेल दिवस 19 जून के अवसर पर मंडला के नगरपालिका परिषद प्रांगण में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीएचई मंत्री संपतिया उइके मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, पार्षदगण सहित संबंधित उपस्थित रहे। डिंडोरी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया।

पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सिकल सेल एनीमिया को लेकर हर व्यक्ति का जागरूक रहना आवश्यक है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि जिले को सिकल सेल मुक्त करने के अभियान में हर व्यक्ति एवं समुदाय अपना सहयोग करें। अपने रक्त की जांच अवश्य कराएं। पीएचई मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा 2047 तक भारत को सिकल सेल एनीमिया मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम सभी को आगे आना पड़ेगा और सरकार का सहयोग करना पड़ेगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि विवाह के पूर्व कुंडली मिलान से पहले सिकल सेल कार्ड का मिलान करना आवश्यक है जिससे भावी पीढ़ी सिकल सेल मुक्त हो। उन्होंने कहा कि सिकल सेल के मरीज नियमित परंपरागत भोजन के साथ-साथ आयरन की कमी दूर करने के लिए चकौड़ा भाजी का भी सेवन कर सकते हैं। श्री कुशराम ने सभी बच्चों को फास्टफूड एवं अन्य तैलीय आहार के सेवन से बचने की सलाह भी दी।

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया के संबंध में हर व्यक्ति की काउंसलिंग किया जाना आवश्यक है। सिकल सेल एनीमिया के संबंध में जिले के लोगों को अत्यधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिलेवासी को सिकल सेल एनीमिया के कारण, लक्षण, दुष्परिणाम एवं उपचार से अवगत कराएं। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 2028 तक सिकल सेल की जाँच पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही आमजन के सहयोग से ही जिले को सिकल सेल मुक्त किया जा सकता है। इससे बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सिकल सेल का टेस्ट कराना जरूरी है।

### मंडला जिले में अब तक हुए 3 लाख से अधिक टेस्ट

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज आयोजित शिविर में लक्ष्य अनुसार मंडला में 32 हजार सिकल सेल टेस्ट किए गए एवं 17 हजार लोगों की काउंसलिंग की गई। जिले में अब तक सिकल सेल हेतु लगभग 3,40,000 टेस्ट किए गए हैं, जो पिछले साल जनवरी में किए गए 8000 टेस्ट से बहुत अच्छी वृद्धि है। साथ ही 2,28000 लोगों की काउंसलिंग की गई है तथा 2 लाख से अधिक जेनेटिक कार्ड वितरित किए गए हैं।

### पीएचई मंत्री ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर नगरपालिका प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्क्रीनिंग, जांच एवं जागरूकता के लिए प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम के पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने सिकलसेल की जांच के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की उपस्थित चिकित्सकों एवं स्टॉफ से जानकारी ली। मंचीय अतिथियों द्वारा सिकल सेल के मरीजों को जेनेटिक कार्ड, प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय द्वारा किया गया।

# सेवा कार्य में ही भगवान का स्वरूप है

*** 19 जून को मनाया गया विश्व सिकल एनीमिया दिवस।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



पूर्व में संस्था के सदस्यों द्वारा गांव गांव जाकर बैनर पोस्टर पंपलेट दीवाल लेखन चोपाल बैठक संगोष्ठी ग्राम सभा और मंडला जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ श्री संजय कुशराम जी के सहयोग से सभी ब्लाक स्तर के हाईस्कूल और हाईस्केन्ड्री स्कूल कोलेज के छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया शहरी क्षेत्र में संस्था के बहनों द्वारा रंगोली एवं जनजागरुकता प्रदर्शनी लगाकर जागरूक किया गया और संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार मंडला द्वारा अभि तक सरकारी अस्पतालों जांच टीम की सहायता से 1200 से अधिक लोगों की जांच करवा चुकी और पोजिटिव आए मरीजों का एच पी एल सी जांच कराकर उन्हें सरकारी अस्पताल की मदद से दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाकर दिया गया ताकि उन्हें समय समय पर सरकारी सहायता भी मिल सके।

संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार बीएसवीपी का आगामी 200 से अधिक गांव में सरकारी अस्पताल की मदद से सिकल सेल एनीमिया की जांच कराने कराने का लक्ष्य है।

कल दिनांक 19 जून विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा ग्राम पंचायत बड़ी खेरी क्षेत्र में सिकल सेल जन जागरूकता कार्यक्रम रखा गया प्रशासन द्वारा आयोजित नगर पालिका मैं आयोजित सिकल सेल जांच शिविर में भागीरथ सेवा विकास परिवार द्वारा जन जागरुकता का प्रदर्शनी लगाई गई एवं एवं कुछ लोगों को कार्यक्रम में बुलाकर सिकल सेल की जांच करवाया गया, और पूर्व में किए गए सिकल सेल मरीजों में आए ऐसी पॉजिटिव मरीज को मंडला शहर से 5 किलोमीटर दूर बड़ी खेरी ग्राम चखलैया में सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित समेत बच्चों को अध्ययन सामाग्री एवं मिष्ठान वितरण किया एवं उनके अभिभावकों से उनके तबियत पर चर्चा हुई और उपस्थित स्थानीय लोगों से सिकल सेल एनीमिया की जांच कराने का आग्रह किया।

इस अवसर पर संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार अध्यक्ष अजय कुमार वंशकार सामाज सेवी रजनीश मारुवंश दिनेश पटेल राघव पटेल संतोष कुमार मरावी राधा बरमैया साहिल लहोरिया पंकज बरमैया लता सैयाम किशोर रजक भोला बरमैया समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### पुस्तकालय के नाम पर फीस किस बात की बसूली जा रही है

**गाडरवारा।** इस समय शहर में देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से बीते हुए माह नया शिक्षण सत्र शुरू मात्र चंद दिवस ही शेष बचे हुये है। मगर देखा जा रहा है कि अनेक निजी स्कूलों द्वारा अभिभावको को लुभाने के लिए अनेक प्रकार के पेतरा अजमाये जा रहे है। वही दूसरी ओर नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने लेकर छात्र छात्राओं में उत्सुकता से खुश नजर आ रहे है। वही दूसरी ओर शिक्षक भी अपने स्तर पर अध्यापन के लिए मानसिक तौर पर तैयार हो चुके है। मगर इस स्थिति मे अभिभावक बच्चों के लिए कापी, किताबें अन्य सामग्री की व्यवस्था के साथ ही महँगी फीस के प्रबंध मे जुटे हुये देखे जा रहे है अभिभावक चहते है कि शुरू होने जा रहे नए सत्र में शालाओं का माहौल इतना बेहतर हो जाए कि छात्र छात्राओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। वही कतिपय अभिभावकों ने बताया कि वर्तमान मे शहर के निजी व शासकीय प्राथमिक शाला भवनों की हालत ठीक नही है। वही कुछ प्राथमिक शालाओं मे छोटे बच्चों को मुख्य सुविधाएँ तक उपलब्ध नही है। दूसरी ओर जागरूक अभिभावकों की शिकायत है कि यह विडम्बना की बात है कि अधिकतर क्षेत्र के हायर सेकेंड्री स्कूलों मे वाउंड्रीबाल, अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के बावजूद लायब्रेरी की व्यवस्था करने मे कोताही बरती गयी है तथा अनेक हाई स्कूल ऐसे है जिनमे पहले पुस्तकालय थें। किन्तु अब उनके संचालन मे रूचि न होने से किताबें आलमरियों मे बंद कर दी गयी है, जिससें छात्र छात्राएं पुस्तकों से लाभान्वित नही हो पा रहे है। वही अभिभावकों की माने तो बाजार से महँगी पुस्तके खरीदकर बच्चों को वे किसी तरह उनके द्वारा शिक्षा दिलायी जा रही है। इस हालत मे संदर्भ ग्रंथ या सहायक पुस्तके खरीदना उनके बस मे नही है,यही कारण है कि छात्र छात्राओं के ज्ञान का विस्तार नही हो पा रहा है, अभिभावकों ने मॉग की है कि जिस प्रकार से नगर की निजी शिक्षण संस्थाओं में लायब्रेरी के नाम पर फीस तो बसूली जा रही है। मगर लायब्रेरी नही है जिसके चलते शासन द्वारा इस प्रकार की संस्थाओं की खोज करते हुए कार्यवाही करे।

### चार पायों के डेरा से हर नागरिक हो रहे परेशान

**गाडरवारा।** लोग अपने घरों में दूध खाने के लिए जिस प्रकार से पालते है, मगर उनकी देख रेख करने की जगह नगरवासियों को परेशानी शानी पैदा करने छोड़ देते है? पशु मालिक दूध निकालकर दुधारू पशु को अपने घर से डण्डा मारकर बाहर निकाल देते है जियके चलते शाम होते ही शहर के मुख्य मार्गो में आवारा पशुओं का जमघट लगा रहता है। इसी का परिणाम है कि आये दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस प्रकार से आवारा पशुओं का इन दिनों सड़कों में जाम लगना आम बात हो गई है और आमलोग जाम से तंग आ चुके है। क्योंकि इन जानवरों को हटाये जाने को लेकर न तो प्रशासन गंभीर दिख रहा है और न ही पशु मालिक, ऐसे में आम नागरिको को काफी कठिनायों का सामना करना पड़ रहा है। कहने के लिये तो कुछ दिनों पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर एक पत्र जारी करते हुये लोगों को अवगत कराया गया था कि सड़को पर घूमने वाले पशुओं को पकड़कर शहर के बाहर छोड़ने के लिये एक टीम का गठन किया है। मगर पता नही वह टीम कहा काम कर रही है इस बात का पता नही नही चल पा रहा है?

### पानी के लिये भटक रही ग्रामीणजन

**गाडरवारा।** इस समय देखने मिल रहा है कि जहां अनेक गांवों में बिजली की अघोषित हो रहे कटौती के चलत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पीने के पानी को लेकर भटकरने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि गांवों में शासन द्वारा लगाये गये हेण्ड पंपों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि उनका जल स्तर नीचे की ओर गिर जाने के कारण वह पानी की जगह हवा उगलते हुये देखे जा रहा है। वही दूसरी ओर जहां पर हेण्ड पंप सही सलामत है तो वहां पर गांव के ही प्रभावशालियों द्वारा इन शासकीय हेण्ड पंपों में अपनी निजी मोटर डालते हुये उन पर कब्जा करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।

# मादक पदार्थ तस्कर महिला के पास से जप्त किया 30 हजार कीमत का गांजा

## बिक्री के 3 लाख 83 हजार रूपया से भी अधिक की राशि जप्त

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**




इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि नगर व क्षेत्र में जिस तरह से मादक पदार्थो का अवैध कारोबार संचालित होते हुये देखा जा रहा है उसकी चपेट में आने से युवा पीढ़ी बर्बादी की ओर अग्रसर तो हो ही रही है दूसरी ओर अनेक प्रकार से नये नये अपराध जन्म लेने से नही चूक रहे है। इस सब में चिंता जनक सच्चाई तो यह बनते हुये देखी जा रही है कि इस अवैध कारोबार में अब महिलाओं की भागेदारी होने के चलते इस अवैध कारोबार को दिन दुगनी रात चौगनी तरक्की होने में रोक पाना मुश्किल दिखाई देने लगा है? वही दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में गाडरवारा पुलिस द्वारा इस तरह मादक पदार्थो के तस्कारों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। मगर इसके बाद भी जिस तरह मादक पदार्थो के नये नये सौदागर जन्म लेते हुये देखे जा रहे है वह निश्चित तौर से पुलिस के लिये एक चुनौती बनने से नही चूक रहे है? कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के नेतृत्व में कार्यवाही करने वाली टीम द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त रहने वाली एक महिला को पकड़ते हुये उसके पास से 30 हजार रूपया कीमत का गांजा सहित मादक पदार्थो के विक्री से एकत्र किये गये 3 लाख 83 हजार 800 रूपया जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। नगर निरीक्षक उमेश तिवारी की टीम द्वारा मादक पदार्थो के धंधे में लिप्त रहने वाली महिला तस्कर के खिलाफ की गई इस कार्यवाही के चलते जहां मादक पदार्थो के अवैध कारोबार में लिप्त करने वालों में हडकंप की स्थिति देखने मिल रही है तो दूसरी ओर नगर में इस तरह किसी महिला तस्कर के खिलाफ लम्बे अंतराल के बाद पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के चलते लोगों द्वारा कार्यवाही पुलिस की सराहना करने से भी नही चूक रहे है। इस तरह नगर में मादक पदार्थो के खिलाफ की गई कार्यवाही के संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटैरिया के कुशल दिशा निर्देश में की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिवस पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में एक महिला अपने पास भारी मात्रा में मादक पदार्थ रखे हुये उसका विक्रय कर रही है जिसके चलते कुछ सामग्री तो विक्रय की जा चुकी है तथा शेष सामग्री को विक्रय करने के लिये किसी का इंतजार किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर नगर निरीक्षक उमेश तिवारी द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जाने पर जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा आरोपी महिला को माल सहित गिरप्तार करने के आदेश दिये जाने पर उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस तरह बनाई टीम में नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के आलवा महिला एस आई मनीषा लिल्हारे, वर्षा धाकड सहित ए एस आई पुनीत कटारे, प्रधान आरक्षक भास्कर पटैल, वरिष्ठ आरक्षक अखिलेश पटैल, आरक्षक बाल किशन रघुवंशी बल्लू, दिनेश पटैल, सुजीत बागरी, आकाश बारोलिया, कृष्णकांत गोपाले, महिला आरक्षक गीता अग्रवाल, नेहा पटैल को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान की घेराबंदी करते हुये वहां पर एक महिला को अपने पास कुछ संदिग्ध सामग्री रखे हुये पाये जाने पर उसे हिरासत में लेते हुये पूछताछ की गई तो महिला द्वारा अपना नाम सहित गाडरवारा के रानी लक्ष्मी बाई वार्ड की ही निवासी बताया गया। वही पुलिस द्वारा जब महिला की तालाशी ली गई तो उसके पास से 3 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा तथा मादक पदार्थ की विक्रय किये गये 3 लाख 83 हजार 800 रूपया पाये जाने पर पुलिस द्वारा नगद राशित सहित मादक पदार्थ को जप्त करते हुये आरोपी महिला को गिरप्तार करते हुये मा. न्यायालय के सक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस बात का पता करने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिरकार वह इतनी अधिक मात्रा में मादक पदार्थ गांजा कहा से लाती है और किन किन लोगों को विक्रय किया गया है। वही दूसरी ओर मादक पदार्थ के साथ पकड़ी गई महिला के संबंध में पुलिस द्वारा अपनी जानकारी में बताया गया है कि इस महिला के खिलाफ पूर्व में भी अनेक मामले दर्ज है जिसमें मादक पदार्थ विक्रय करते हुये पकड़े जाने के साथ जहरीली शराब का मामला तक दर्ज हो चुका है जो मा. न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है। पुलिस की जानकारी अनुसार आरोपी महिला के खिलाफ वर्ष 2006 से अब तक थाना गाडरवारा में एन.डी.पी.एस. एक्ट एवं एक्साईज एक्ट के तहत कुल 26 आपराधिक प्रकरण दर्ज है । जिसमें वर्ष 2013 में अवैध मादक पदार्थ 800 ग्राम गाँजा रखे पाई गई थी। वही वर्ष 2015 में जहरीली शराब रखे मिलने पकड़ी गई थी तथा वर्ष 2019 में भारी मात्रा में कुल 55 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब रखे मिलने एवं 23 प्रकरण अवैध शराब रखे मिलने के शामिल है। इसके बाद अब यह मादक पदार्थ का नया मामला दर्ज हो गया है। इस तरह पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में महिला को पकड़ते हुये निश्चित तौर से एक बड़ी कार्यवाही की गई है। मगर चिंता की बात तो यह हे कि जिस तरह नगर में क्षेत्र में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार में महिलाओं के शामिल होने की सच्चाई सामने आते हुये देखी जा रही है वह निश्चित तौर चिंता का विषय बनने से नही चूक पा रही है।

## कृषि संबंधी जानकारियों के आभाव में शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो जाते हैं कृषक

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र सरकार द्वारा किसानों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए अनेक किसान हितैषी योजनाएं चलाते हुए उनका भला किया जा रहा है। इस प्रकार से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान हितैषी योजनाओं के चलते क्षेत्र के किसानों को हर्ष होता है कि उनका मुखिया शिवराज सिंह चौहान हैं, मगर वही दूसरी ओर देखा जावे तो कृषि विभाग उनकी विश्वसनीयता को कम कर देते हैं, क्योंकि इस विभाग में पदस्थ अधिकारियों की उदासीनता के चलते जहां किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं की समय पर जानकारी नही मिल पाने के कारण वह इन



योजनाओं का लाभ नही उठा पाते है, वही मिल रही जानकारियों के अनुसार क्षेत्र के अनेक ग्रामों में पदस्थ ग्राम सेवको की स्थिति इस प्रकार से रहती है कि वह ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करने की बात तो दूर उनके क्षेत्र में किसानों को दर्शन तक नही होते है जिसको लेकर यह बात कही जावे कि किसान उन्हें पहचानते तक नहीं हैं, किसानों का कहना है कि आखिर हमें जानकारी देने का जिम्मा किसके हाथ में है, आखिर क्यों नहीं आते कृषि विभाग में पदस्थ अधिकारी उनके गांवों में क्यों सरकार द्वारा उन्हें सिर्फ अपने आफिसों में बैठने के नाम पर ही तान्खाहा दे रही है? क्यों नहीं करते जनसंपर्क, कौन देगा हमें जानकारी, कैंसे मिलेगा शासकीय योजनाओं का लाभ, यह सवाल सभी किसानों को परेशान किए हुए हैं? क्योंकि अधिकांश ग्राम सेवको का कार्यालय शहरों में है जहाँ उन्हें खोजना एक कठिन कार्य होता है, गाँव में उन्हें कभी देखा ही नहीं? म.प्र. कृषि विभाग ने टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराया है जहाँ बैठे वैज्ञानिक हमारे यहाँ के वातावरण से अंजान हैं और इसीलिए वो सही उपचार नहीं बता पाते और किसान उनके बताए अनुसार उपचार तो करता है लेकिन उससे कोई फायदा नहीं होता, जिले के कृषि विभाग से माँग की गई है कि ग्राम में ग्राम सेवक को ग्राम का दौरा करने के निर्देश दें जिससे किसानों को अपनी समस्या से निदान मिल सके।

## समोसे के आलू में बदबू आने की बात को लेकर हुई शिकायत के चलते खाद्य अधिकारी गुप्ता द्वारा होटल पर छापा मारते हुये किया निरीक्षण, खाने पीने की सामग्री के सेम्पल लेते हुये जांच के लिये भेजे गये..

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**





निश्चित तौर जब हम लोग किसी नास्ता या फिर खाने पीने की दुकान पर पहुंचते हुये कांच के अंदर रखी हुई सामग्री को देखते हुये उन्हे खाने के लिये ललायित होने से नही चूकते है। इसी बात का इन दुकानदारों द्वारा किस तरह का फायदा उठाया जाता है इस सच्चाई किसी ने छिपी नही है..? क्योंकि देखा जावे तो आज हमारे नगर में जहां तहां खुली हुई नास्ता दुकानों पर जिस तरह खाने पीने की सामग्री का निर्माण किया जा रहा है वहां पर साफ सफाई सहित उपयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता का किसी तरह ध्यान नही रखे जाने के चलते तुरंत बनाई जाने वाली सामग्री भी चंद घंटों के अंदर बदबू मारने से नही चूकती है। इस तरह खाने पीने की सामग्री में दुकानदारों द्वारा गुणवत्ता हीन सामग्री का उपयोग करने वालों के खिलाफ शासन द्वारा सख्त कानून बनाये जाने के बाद भी देखा जा रहा है कि इनके हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे है कि वह खुलेआम आम लोगों की जिन्दगी से खिलवाड़ करते करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर की प्रमुख माने जाने वाली छीपा होटल में भी देखने मिली है। बताया जाता है कि इस होटल से बीते हुये दिनों जब एक व्यक्ति द्वारा समोसा खरीदकर वह अपने घर ले गया और समोसा को खाने लगा तो उसमें बदबू आने की बात को लेकर वह अपनी शिकायत लेकर दुकानदार के पास पहुंचा मगर दुकानदार द्वारा जब उकी बात को गंभीरता से नही किया गया इस बात को लेकर शिकायत कर्ता द्वारा इसकी शिकायत शासन स्तर पर संचालित होने वाले मुख्यमंत्री सीएम हेल्प लाईन में की गई। इस तरह जब सीएम हेल्प लाईन में शिकायत हुई तो संपूर्ण जिला प्रशासन हरकत में आ गई जिसके चलते जिला कलेक्टर द्वारा इस मामले की जांच करने का आदेश जिला खाद्य अधिकारी अमित गुप्ता को दिया गया। इसी के चलते बीते हुये बुधवार को जिला खाद्य अधिकारी अमित गुप्ता द्वारा नगर की छीपा होटल पर अचानक छापा मारते हुये वहां पर निर्मित होने वाली खाद्य सामग्री यानि की समोसा, आडू बडा सहित अन्य प्रकार की सामग्री की जांच करने के साथ सेम्पल लेते हुये जांच के लिये भेजे गये। वही दूसरी ओर नगर में सभी दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुये कहा कि खाने पीने की किसी भी सामग्री को न तो वह खुले में रखे और उनके निर्माण में पूर्णरूप से सावधानी रखते हुये गुणवत्ता पूर्ण ही सामग्री का उपयोग किया जावे। इस तरह खाने पीने की सामग्री में गडबडी पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जावेगी। इस तरह शिकायत मिलने पर नगर की छीपा होटल पर जिला खाद्य अधिकारी अमित गुप्ता द्वारा मारे गये छापे के दौरान अनेक लोग मौजूद थें। सभी के समक्ष दुकान पर मौजूद अनेक प्रकार की सामग्री के सेम्पल लेने के आलवा जहां खाने पीने की सामग्री का निर्माण किया जाता है उस जगह का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। इस तरह जिला कलेक्टर के निर्देशन में खाद्य अधिकारी अमित गुप्ता द्वारा नगर में लगातार कार्यवाही की जा रही है। ज्ञात हो कि इसके कुछ दिवस पहले खाद्य विभाग द्वारा स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी के साथ मिलकर अनेक मिठाई दुकानों का निरीक्षण करते हुये उनकी दुकान पर पाई गई गणवत्ता हीन सामग्री को नष्ट कराते हुये चलानी कार्यवाही की गई थी। इस बात को अभी पूरा एक सप्ताह का समय ही निकल पाया होगा और पुनः नगर की छीपा दुकान पर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने पहुंचकर कार्यवाही की गई। इस तरह नगर में खाद्य विभाग द्वारा लगातार की जा रही कार्यवाही के चलते जहां दुकानदारों में हडकंप की स्थिति देखने मिल रही है। वही दूसरी ओर बुधवार को जिला खाद्य अधिकारी द्वारा नगर में संचालित हो रही दूध डेरी व उनके विक्रय केन्द्रों पर पहुंचकर भी वहां के जांच सेम्पल लिये गये। इस प्रकार से मिलावट से मुक्ति के लिए चलाये जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि खाने पीने की सामग्री में किसी तरह की मिलावट या फिर उनकी गुणवत्ता में की जाने वाली गफलतवाजी को किसी भी स्थिति में स्वीकार नही किया जावेगा। वही दूसरी ओर यह कार्यवाही लगातार अचानक छापा मारते हुये की जा रही है और आगे भी जारी रहेगी।

# आज स्कूलों में अधिकारी जाकर छात्र छात्राओं को देंगे शिक्षा संबंधी मार्ग दर्शन



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

स्कूल चलेँ हम अभियान के तहत 3 दिवसीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम क्षेत्र के सभी शासकीय स्कूलों में जारी है। इसी क्रम में आज 20 जून दिन गुरुवार को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रीय स्कूलों में जिला स्तरीय अधिकारीगण पहुँचकर एक पीरियड पढ़ाकर छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन देंगे। तत्संबंध में जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा जारी आदेश के अनुसार एसडीएम श्रीमती कलावती ब्यारे कन्या नवीन स्कूल गाडरवारा, तहसीलदार प्रियंका नेताम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली, प्रभारी तहसीलदार आकाश दहारे शासकीय उ मा विद्यालय पलोहा बड़ा, श्रीमती अनु जैन नायब तहसीलदार शासकीय कन्या हाईस्कूल चीचली, रमाकांत चौकसे नायब तहसीलदार शा उ मा विद्यालय बारहाबड़ा, जेल अधीक्षक अजमेर सिंह ठाकुर शासकीय हाई स्कूल पनारी, जनपद सीईओ साईंखेड़ा बसंत कुमार शासकीय उ मा विद्यालय बम्होरी कला, सीईओ चीचली धनाराम उइके शासकीय हाईस्कूल गांगई, वैभव देशमुख सीएमओ नपा गाडरवारा बीटीआई स्कूल गाडरवारा, देवेन्द्र मर्सकोले सीएमओ चीचली शासकीय उ मा विद्यालय सूखाखेरी, डॉक्टर प्रसाद साहू सीएमओ साईंखेड़ा सीएम राइज स्कूल साईंखेड़ा, भवानी शर्मा सीएमओ सालीचौका शा बालक उ मा स्कूल सालीचौका, ओ पी बघेल जिला खनिज अधिकारी शा उ मा स्कूल खड़ई, मुकेश जैन सिविल सर्जन शासकीय उ मा स्कूल करपगांव, पूजा तिवारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शासकीय कन्या शाला गाडरवारा, शिवकुमार पांडे कनिष्ठ आपुर्ति अधिकारी शासकीय उ मा स्कूल तेंदुखेड़ा छोटा, राजाराम उइके शासकीय हाईस्कूल भटेरा, सुनील मरकाम जिला संयोजक शासकीय उ मा स्कूल कल्याणपुर, दिनेश बरकड़े प्रभारी महा प्रबंधक शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय गाडरवारा, संदीप गोठिया सहायक प्रवन्धक शासकीय उ मा स्कूल खुर्सीपार, सुनील गेहुदकर जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी शासकीय उ मा विद्यालय आमगांव छोटा सहित अन्य अधिकारी क्षेत्रीय स्कूलों में एक पीरियड पढ़ाकर छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन देंगे।

### जर्जर हो चुकी सहकारी दुकान में रखा गरीबों का अनाज

**गाडरवारा।** ईश्वर की मेहरवानी से शहर की सहकारी दुकानों से शहर के नीले व पीले राशन कार्ड धारियों को हर माह सस्ता गेंहू, चांवल, कैरोसिन, नमक के वितरण के संबंध में भले ही कोई शिकायत सुनने में नहीआती है, किन्तु नगर के कुछ वार्डो में जो सहकारी दुकानों खुली हुई है उनकी दुर्दशा को लेकर हवा में लगातार यह सबाल उछलते रहे है कि इस प्रकार खस्ता हाल दुकानों में क्या गरीबो का अनाज सुरक्षित रह पायेगा? बताया जाता है कि नगर के पुराने शासकीय चिकित्सालय के पास जो सहकारी दुकान संचालित हो रही है? वही नपा के स्वामित्व में है और पहले वह नर्सेस क्वाटर थी, मगर बाद में उसकी सुध न लेने के बाद वह सहकारी राशन दुकान खोलने के लिए मार्केटिंग सोसाईटी को दे दी गई है, जिसके चलते वर्तमान में उक्त सहकारी राशन दुकान की स्थिति इस प्रकार से जर्जर हो चुकी है कि उसके अंदर जब कोई गरीब अनाज लेने के लिए पहुंचता है तो उसे अपनी जान के खतरा को लेकर चिंता में देखा जाता है, क्योंकि इस दुकान के अंदर की दीवारे, दरबाजे टूट रहे है, वही हालत यह हे कि इस दुकान का मेन गेट पूर्णरूप से असुरक्षित हो गया है, जिसके एक कोने में बड़ा टायर लगाकर उसमें रखे हुए गरीबों के अनाज की सुरक्षा की जा रही है, इस स्थिति में देखा जा रहा है ।

## भैया घरे जाकर अंगूठा लगवा लेत है और हमे पांच महिना से राशन ही नहीं मिला

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** जहां एक ओर सरकार द्वारा गरीबों को भोजन प्रदान करने की सोच के चलते सस्ता अनाज प्रदान किया जा रहा है। मगर ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि सरकार द्वारा प्रदान किये जाने वाला यह अनाज उन लोगों को मिल ही नही पा रहा है? यह बात अलग है कि इस तरह राशन वितरण में होने वाली गफलत बाजी को सरकार द्वारा डिजीटल बनाते हुये अंकुश लगाने के प्रयास किये गये है। मगर सरकार के प्रयाय यहां पर भी फेल होने से नही चूक रहे है। क्योंकि गरीबों के हक पर डाका डालने वाले इस डिजीटल व्यवस्था में भी गरीबों के बीच पहुंचकर उन्हे गुमराह करते हुये डाका डालने में पीछे नही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवो में देखने मिल रहा है जहां पर गरीबों द्वारा खुद ही अपनी जुबानी सुनाते हुये बताया कि यहां के सेवा सहकारी समितियों के कर्ताधितर्ताओं द्वारा गरीबों को अनाज वितरण करने वाले व्यक्ति द्वारा घरों में पहुंचकर दो दो माह के राशन प्रदान करने की बात कहते हुये अंगूठा तो लगावा लिये जाते है। मगर जब हम राशन लेने के लिये पहुंचते है तो सोसाईटी में ताला लटका रहता है। इस तरह एक गरीबो को कहना है कि पहले उससे तीन माह का राशन देने के बात कहते हुये अंगूठा लगवाया गया था इसके बाद दो माह का देने की बात कही गई मगर पांच माह से हमें राशन ही नही मिला। इसी तरह एक अन्य महिला ने भी अपनी जानकारी में बताया कि वह बीते हुये 6 माह से राशन प्राप्त करने के लिये चक्कर लगा रही है। मगर 6 माह यानि की आधे वर्ष से राशन नही मिल है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि इन गरीबों को भोजन प्रदान करने के लिये सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च किये जा रहे है। मगर जब उन तक पहुंच ही नही पा रहा है तो फिर सरकार का गरीबों को दो वक्त की रोटी देने का सपना कहा तक सफल हो पायेगा? वही दूसरी ओर गौर करने वाली बात यह भी है कि जिले से लेकर तहसील स्त की बागडोर संभालने वाले सक्षम अधिकारियों को आये दिन ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करते हुये यह बात कही जाती है कि उनके द्वारा गांव गांव पहुंचकर गरीबों की बाते सुनी जा रही है और उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। मगर इस तरह की सच्चाई उजागर होने से निश्चित तौर से इन सक्षम अधिकारियों की कार्य शैली भी उजागर होने से नही चूक पा रही है ।

# प्रजातंत्र में जनजातियों का स्थान रीढ़ के समान- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

## राज्यपाल का डिंडोरी से प्रदेश के जनजातीय युवाओं के लिए संदेश

# उपराष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शासन के दो मंत्रियों की मौजूदगी में मनाया गया सिकल सेल दिवस






डिंडौरी

देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जनजातियों के योगदान के बारे में कहा कि प्रजातंत्र में उनका स्थान रीढ़ के समान है। वहीं जनजातियों के योगदान के साथ ही देश ने ब्राजील, जर्मनी और जापान जैसे देशों को विकास में पीछे छोड़ा है। भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती यह भी है कि जनजातीय समुदाय की राष्ट्रपति ने देश के प्रधानमन्त्री को पद की शपथ दिलाई है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2023 में शहडोल जिले से राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन की शुरूआत की थी। इसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को सिकल सेल की बीमारी से मुक्त करना है। इस दिशा में उन्मूलन के कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। इस मिशन को हवन बताते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए सबके प्रयासों की आहुति आवश्यक है। जब देश 2047 में आजादी की शताब्दी मनाएगा तब भारत की विकसित राष्ट्र के साथ सिकलसेल मुक्त देश के रूप में पहचान होगी। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार न सिर्फ वित्तीय रूप में बल्कि तकनीकी रूप में समन्वित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने यह उद्बोधन डिंडोरी के शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय में आयोजित विश्व सिकल सेल दिवस कार्यक्रम के दौरान दिया।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सिकलसेल बीमारी के संबंध में कहा कि सिकलसेल बीमारी का शारीरिक कष्ट से ज्यादा परिवारों को भावनात्मक और सामाजिक तौर पर प्रभावित करता है। केंद्र ने सिकलसेल के लिए दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत में बदलाव किया है। अब देश मे सिकलसेल जैसी आनुवंशिक बीमारियों के उपचार का समुचित प्रबंधन किया है।

### उपराष्ट्रपति निवास में डिंडौरी के औषधियों से तैयार किया जाएगा हर्बल गार्डन

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने अपने सम्बोधन में कहा कि वे यहां की औषधियों से खासे प्रभावित हुए है। यह सब देखकर उन्होंने भी उपराष्ट्रपति निवास में



भी डिंडौरी जिले की औषधियों से हर्बल गार्डन विकसित करने की बात कही। साथ ही यहां की कुछ औषधियां अपने साथ भी ले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जिस आत्मीय भाव से उन्हें शहद भेंट किया है, ठीक उसी तरह डिंडोरी से मेरा रिश्ता मिठासपूर्वक बन गया है। वहीं उन्होंने राज्यपाल मुख्यमंत्री, डिंडोरी और प्रदेश के अधिकारियों की विस्तार से प्रशंसा की। उन्होंने डिंडोरी के बारे में उपराष्ट्रपति ने प्रदेश के अधिकारियों के जज्बे और उनकी लगन से सिकल सेल के हो रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यहां के राज्यपाल का दिल जनजातियों के लिए ही धड़कता है। वे कार्य सिर्फ कागजी रूप में नही करते है बल्कि वास्तविक जमीन देखकर करते है। वे दिल और दिमाग से ही नही बल्कि आत्मा से काम करते है। मुख्यमंत्री ने आदिवासी अंचल को सम्मान देने कें लिए प्रदेश की पहली मंत्री परिषद की बैठक जबलपुर में आयोजित की। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि बीमारियों के सम्बंध में दुष्प्रचार ठीक नही है। इसकी जागरूकता के लिए आवश्यक काम होने चाहिए।

### अब जन्मपत्री नहीं, जेनेटिक कार्ड मिलाने की चिंता करोः- राज्यपाल मंगु भाई पटेल
### सामूहिक प्रयास से 2047 तक भारत सिकलसेल एनीमिया से मुक्त होगा

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने डिंडौरी से प्रदेश के जनप्रतिनिधियों और युवाओं को संदेश दिया कि जो युवा शादी करने योग्य है वे सब जैनेटिक कार्ड मिलाने की परंपरा की शुरुआत करें। उन्होंने आने वाली पीढ़ियों की चिंता करते हुए युवाओं से कहा कि अगर ऐसे युवक और युवती है जो सिकलसेल के वाहक है तो आपस में शादी नहीं करें। यह आने वाली पीढ़ी के भविष्य का सवाल है। साथ ही ऐसे युवक व युवतियां जिनमें सिकल सेल एनीमिया डिसीज है तो सिकल सेल बीमारी के साथ ही बच्चा पैदा होने का खतरा है। इसलिये अब जरूरी है कि जन्मपत्री नहीं बल्कि जैनेटिक कार्ड मिलाया जाए। आज से ही यदि सभी आदिवासी नेताओं और युवाओं के सामूहिक प्रयास रहे तो 2047 में एक भी बच्चा सिकलसेल बीमारी के साथ पैदा नही होगा। उनकी ओजस्वी वाणी में आदिवासियों की आने वाली पीढियों की प्रति चिंता झलकी।



उन्होंने एक-एक आदिवासी से सामाजिक प्रयास शुरू करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रदेश में सिकल सेल की स्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि 1 करोड़ 90 लाख जनजातीय जनसंख्या में केवल 55 लाख लोगों की जांच हुई है। जिसमें 1 लाख 20 हजार 935 वाहक और 18 हजार से ज्यादा डिसीज वाले लोग हो गए है।

### राज्यपाल के सम्बोधन में प्रदेश के आदिवासियों के प्रति चिंता

राज्यपाल पटेल ने अपने करीब 8 मिनट 07 सेकंड के ओजस्वी सम्बोधन में कई बार प्रदेश के आदिवासियों की आने वाली पीढ़ी की चिंता दिखाई दी। उन्होंने आदिवासी बेटा-बेटियों, जनप्रतिनिधियों से कहा कि सिकलसेल उन्मूलन की शुरुआत हो गई है। अगर माता-पिता में दोनों वाहक है तो बच्चों में सिकलसेल वाहक होंने का डर है। वहीं अगर दोनों को डिसीज है तो बच्चों में सिकलसेल आएगा ही।

### प्रदेश के 89 ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में पेसा एक्ट के तहत प्रस्ताव हो पारित

राज्यपाल ने आदिवासियों की आने वाली पीढ़ी की चिंता करते हुए कहा कि सिकलसेल को रोकने के लिए प्रदेश की 89 आदिवासी ब्लॉक जहां पेसा एक्ट लागू है। वहां एक प्रस्ताव पास करे कि जैनेटिक कार्ड मिलाए जाए। गांव के ऐसे युवा जो शादी करने योग्य है, उनके कार्ड मिलान की अनिवार्यतः पर जोर दिया जाए। युवक चाहे कितना भी पढ़ा लिखा हो,सम्पन्न हो और युवती कितनी भी सुंदर हो अगर दोनों इस बीमारी के वाहक है या उन्हें यह डिसीज है तो शादी नहीं करना चाहिए।

### प्रदेश के रोम-रोम में आदिवासी संस्कृति और नस-नस में मां नर्मदा समायीः- मुख्यमंत्री डॉ. यादव
### अकबर को तीन-तीन बार हराने वाला गोंडवाना क्षेत्र प्रदेश का गौरव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश के रोम-रोम में आदिवासी संस्कृति और नस-नस में मां नर्मदा समायी है। गोंडवाना वह क्षेत्र है जहां अकबर को तीन-तीन बार हराया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोंड साम्राज्य की शासिका वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य गाथा का उल्लेख करते हुये बताया कि रानी दुर्गावती ने अपने शौर्य और सामर्थ्य से एक विशाल साम्राज्य की स्थापना की थी। नारी शक्ति के लिये रानी दुर्गावती एवं रानी अवंतिबाई प्रेरणास्त्रोत है। रानी दुर्गावती ने अपने साहस का लोहा मनवाते हुए दुश्मनों के दांत खट्टे किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रक्त की भयावह बीमारी सिकल सेल एनीमिया के बारे में बताते हुए कहा कि इस बीमारी के उन्मूलन के लिए प्रदेश सरकार सतत रूप से कार्य कर रही है। प्रदेश के 89 आदिवासी विकासखंडों में यह कार्यक्रम आज आयोजित हो रहा है। स्वास्थ्य अमले द्वारा घर घर जाकर उपचार करने का भी कार्य किया जा रहा है। इसके लिए चिन्हित समुदाय के घरों तक जाकर सर्वेक्षण, जांच, काउंसलिंग, और जनजागृति के कार्य हो रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि सिकल सेल एनीमिया की बीमारी की रोकथाम के लिए प्रदेश में युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं को अंतिम छोर तक पहुँचाने के लिये प्रदेश में स्वास्थ्य अमले को बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत लगभग 18000 लोगों की नियुक्तियों भी की जा रही है। राज्यपाल श्री पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा व्यक्तिगत रुचि लेकर बीमारी की जाँच के लिए लगाए जा रहे कैंपों की मॉनिटरिंग की जा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत में उप राष्ट्रपति ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सिकेल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए किए गए प्रयासों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

### विश्व सिकलसेल दिवस की झलकियां

विश्व सिकलसेल दिवस पर शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ का स्वागत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीआई टैग वाली गोंडी शैली में उकेरी पेंटिंग, विरनमाला और बैगानी पगड़ी के साथ किया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने राज्यपाल श्री पटेल का स्वागत करते हुए जीआई टैगयुक्त गोंडी पेंटिंग के साथ की। वही पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल और सांसद श्री कुलस्ते का स्वागत किया।

महाविद्यालय परिसर में आगमन के दौरान गुदुम बाजा के साथ जनजातीय समूह में शामिल युवक व युवतियां थिरकन के साथ मंच तक लाये। प्रवेश के समय ही उपराष्ट्रपति श्री धनखड़, राज्यपाल श्री पटेल, उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल, पंचायत मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने महाविद्यालय के खेल मैदान में आम, नीम और अशोक के पौधे रोपे।

महाविद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी में आयुष विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान औषधियों के बारे में जानकारी ली। उपराष्ट्रपति ने डिंडोरी की शतावरी, सोंठ व मुलेठी सहित अन्य जड़ी बूटी अपने पास रखी। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि शुभारंभ और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर मौजूद हर एक भारतीय ने अपने अपने स्थल पर खडे होकर जबलपुर की छंटवीं बटालियन के बैंड पर बजी राष्ट्रगान धुन पर गाया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रह्लाद पटेल, सांसद फग्गन कुलस्ते, डिंडौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम सहित कमिश्नर अभय वर्मा, आईजी बालाघाट संजय कुमार, डीआईजी बालाघाट मुकेश श्रीवास्तव, डीआईजी शहडोल श्रीमती सविता सोहाने, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, अधिकारी अभय वर्मा आयुक्त जबलपुर, विकास मिश्रा कलेक्टर डिंडौरी, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह सहित जिला प्रशासन के समस्त प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## हेलीपैड में हुआ आत्मीय स्वागत



**डिंडौरी** । उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने डिंडौरी आगमन पर स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड स्थित हेलीपैड में पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रह्लाद पटेल, सांसद फग्गन कुलस्ते, विधायक ओमकार मरकाम सहित कमिश्नर अभय वर्मा, आईजी बालाघाट संजय कुमार, डीआईजी बालाघाट मुकेश श्रीवास्तव, डीआईजी शहडोल श्रीमती सविता सोहाने, कलेक्टर विकास मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## भगवान श्रीराम वनवास प्रसंग पर पांडाल में उपस्थित श्रोताओं के आंख हुए नम



डिंडौरी

जिले में शहपुरा बिछिया के समीप ग्राम छपरा बजरंग टेकरी में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। श्री राम कथा के सातवें दिन कथा व्यास कनिष्ठ जगत गुरु स्वामी आत्मानंद महाराज जी ने श्रोताओं से कहा कि गृहस्थी को नर्क मत बनाएं। गृहस्थी का काम राष्ट्र को मजबूत करना है। प्रसंग में बताया कि जब भगवान श्रीराम के राजतिलक की तैयारियां की जा रही थी तभी महारानी कैकेई राजा दशरथ से अपने दो वचन मांगती हैं और कहती हैं कि पहले आप राम की सौगंध खाएं और मेरे वचन मुझे दे। राजा दशरथ खुशी में रानी से कहते है कि जो मांगो मैं वहीं दूंगा। तब रानी कैकेई दशरथ जी से मांगती हैं कि मेरे बेटे भरत को राजगद्दी मिले और राम को 14 वर्ष का वनवास मिले इतना सुनते ही महाराजा दशरथ धरती पर गिर जाते हैं। राम सहित सब यहां पहुंचते हैं। प्रभु राम जब वनवास को जाने लगते हैं तो उनके साथ सीता व लक्ष्मण भी तैयार हो जाते हैं। श्रीराम के वन जाने की बात सुनकर पूरा अवधपुरी रो पड़ा साथ ही पंडाल पर उपस्थित श्रोताओं की भी आखें नम हो गई और भावुक हो गए। कथा व्यास कनिष्ठ जगत गुरु स्वामी आत्मानंद महाराज जी ने कहा कि कथा को भाव व प्रेम से सुनने वाले ही ज्ञान प्राप्त करते हैं। श्रीराम कथा के सातवे दिवस भी श्रोताओं की भारी भीड़ जुटी रही। श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए बिछिया पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए हैं और कार्यक्रम स्थल पर पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। कथा के समापन पर भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया।

## मोदी जी के नेतृत्व में जनता ने फिर एक बार विश्वास जताया -कुलस्ते

डिण्डौरी।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार, प्रदेश महामंत्री व संभागीय प्रभारी कविता पाटीदार के मार्गदर्शन व जिला संगठन प्रभारी गिरीश द्विवेदी की उपस्थिति व भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया के नेतृत्व में जिला कार्यसमिति बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे मुख्यातिथि के रूप में मण्डला लोकसभा के सांसद व पुर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, शहपुरा विधायक व भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे मौजूद रहें। सर्वप्रथम सभी मंचासीन अतिथियों ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण व तिलक वंदन कर बैठक की शुरूआत की। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने संगठन के आमागी कार्यक्रमों की रूपरेखा को विस्तारपूर्वक अवगत कराते हुए बताया कि 21 जून को हमे अन्तराष्ट्रीय योग दिवस को हर मण्डल में अलग अलग स्थानों पर करना है एवं 23 जून को श्रद्धेय डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के स्मृति दिवस हर मतदान केन्द्रों मे मनाना है इसके साथ ही एक पेड़ मॉ. के नाम से वृक्षारोपण 23 जून से 06 जुलाई डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के जन्म जयंती तक करना है। 25 जून को आपातकाल एवं 30 जून को मन की बात कार्यक्रम सम्पन्न किया जाना है। उक्त कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी सोशल मीडिया के साथ साथ संगठन एप्प व नमो एप्प पर अपलोड़ किया जाना है साथ ही इन सभी कार्यक्रमों के प्रभारीगण नियुक्त किये है एवं जिला के बाद आमागी तिथियों मे हम सभी को मण्डल की कार्यसमिति सम्पन्न करना है। वहीं भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि आज सिकल सेल एवं एनीमिया कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें हमारे जिले का सौभाग्य है कि हमारे इस आदिवासी अंचल डिण्डौरी मे देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पधारे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि आगामी 2024 तक देश के सभी सिकल सेल से पीडितों को मुक्त कराना है। हमारे जिले मे भी इसका प्रकोप है जिससे हम सभी को सावधानिया के साथ लोगो को जागरूक करने की आवश्यकता है। भाजपा जिला संगठन प्रभारी गिरीश द्विवेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि अभी हाल मे ही सम्पन्न हुए मण्डला लोकसभा चुनाव में डिण्डौरी जिले ने अहम भूमिका निभाई है इसके साथ ही जो डिण्डौरी कांग्रेस का गढ़ माना जाता था एवं कांग्रेस से लोकसभा प्रत्याशी को उन्ही के विधानसभा डिण्डौरी में हराना बहुत बड़ी बात है। मै संगठन के सभी जबांज पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित करता हूॅ एवं बधाई देता हूॅ साथ ही आप लोगो को बताना चाहता हूॅ कि इसी प्रकार अगर मेहनत की तो आगामी विधानसभा में हम डिण्डौरी से भी विधायक चुनकर देगे। वहीं पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि हाल मे सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव मे हर मतदान केन्द्रों के मण्डल व मतदान स्तर पर समीक्षा किया जाना चाहिए हमारी मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री अवास योजना, उज्जवला योजना, कृषि सम्मान योजना, आयुष्मान योजना के बारे मे विस्तार से बताते हुए कहा कि हम सभी को इन सभी योजनाओं को मतदान केन्द्रों मे जाकर प्रचार प्रसार करना है इसके साथ ही हमें लाभार्थियों से सम्पर्क कर उन्हें हमारी सरकार की उपलब्धियों के बारे मे विस्तारपूर्वक चर्चा कर अपने एवं पूर्व के सरकारों के द्वारा किये गये कार्यो का तुलनात्मक करना है, जिससे लाभंवित व्यक्ति को स्पष्ट हो सकें कि भाजपा सरकार हर वर्ग के लिए जनहितैषी कार्य कर रही है। तीसरी बार हमने मोदी जी के नेतृत्व मे एक सशक्त सरकार जनता ने चुनी है और अब हमारा कर्तव्य है कि अब हम जनता के हितों के लिए मिलजुलकर कार्य करें यही हमारी सरकार एवं संगठन की प्राथमिकता है। उक्त बैठक का संचालन जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी व आभार जिला उपाध्यक्ष महेश सिंह पाराशर ने व्यक्त किया। बैठक में अजजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते, जनपद अध्यक्ष पवंती कुशराम, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र प्रसाद पाठक, जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह ठाकुर, बद्रीप्रसाद साहू, इन्द्रावती धुर्वे, जिला मंत्री राजेन्द्र प्रसाद दुबे, अनुराग गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष स्कंद चैकसे, जिला मीडिया प्रभारी सुधीरदत्त तिवारी, जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन, जिला सोशल मीडिया संयोजक पवन शर्मा, जिला सह मीडिया प्रभारी आशीष वैश्य, जिला सह संयोजक सोशल मीडिया अविनाश सिंह सैनी, मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर, हेमसिंह राजपूत, राजेश्वर साहू, राजकुमार मोंगरे, कृष्णकुमार मिश्रा, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश सिंह धुमकेती, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नरवदिया मरकाम, पि.वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष दशरथ सिंह राठौर, युवामोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश सिंह परस्ते, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष परसराम नागेश, वरिष्ठ नेता रेवा पाण्डेय, गंगाप्रसाद तिवारी, राजबिहारी सोनी, गणेशदास सोनवानी, कमलेश पटेरिया महिलामोर्चा जिला महामंत्री कुंवरिया मरावी, हरीश साहू, अनिल साहू, क्रांति धुर्वे, वर्षा कुशराम, रूकमणी मरावी, मिथलेश मिश्रा, रजनी श्रीवास, अजय साहू, मालती तिवारी, रामभगत धुर्वे, भीमसेन गुप्ता, सरजूप्रसाद ठाकुर, तानसिंह ठाकुर, कैलाश मरावी, दुर्गेश जोगी सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहें।






## गौमाता की सेवा में लगे जनपद मेंहदवानी के सीईओ



**मेंहदवानी**। जनपद पंचायत मुख्यालय मेंहदवानी में मंगलवार को झमाझम बारिश हुई। बारिश के कारण विश्राम गृह मेंहदवानी के पास सीमेंट कांक्रीट मार्ग पर कीचड़ हो गया और उसी कीचड़ में फिसलकर एक गाय घायल हो गई जो उठ पाने में नाकाम रही और वहीं पड़ी हुई थी। देर रात्रि जब जनपद पंचायत मेंहदवानी के सीईओ प्रमोद कुमार ओझा डिंडौरी से वापस हुए तो विश्राम गृह के पास घायल पड़ी गाय को अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर उसे बिठाया इसके बाद सीईओ के द्वारा गाय को पानी एवं रोटी खिलाया गया। बुधवार की सुबह तक जब गाय चलने फिरने लायक नहीं हो सकी तो सीईओ के द्वारा पशु चिकित्सक से इलाज कराया गया है और रोटी दलिया खिलाया जा रहा है। बुधवार को शाम तक गाय मालिक का पता नहीं चल पाया है जिसके चलते मेंहदवानी सीईओ द्वारा ही गाय की सेवा निरूश्वार्थ भाव से किया जा रहा है। इस संबंध में सीईओ प्रमोद कुमार ओझा का कहना है कि गाय मालिक का पता नहीं चल पाया है हम सोशल मीडिया के जरिए पता लगा रहे हैं तब तक हम लोग गाय की सेवा कर रहे हैं।गाय रेस्ट हाऊस के पास ही बैठी हुई है। जिस किसी सज्जन का गाय है कृपया चिंता करें और उसे अपना घर लेकर जाएं।

## सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए 30 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**अनूपपुर**। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना अन्तर्गत जिले के उन्नत कृषि तकनीकों का उपयोग करते हुए सर्वोच्च उत्पादकता हासिल करने वाले कृषक एवं कृषक समूह को जिला स्तर व ब्लॉक स्तर पर सर्वोत्तम कृषक/कृषक समूह पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिले के परियोजना संचालक आत्मा परियोजना एन.डी.गुप्ता द्वारा बताया गया है कि जिले में वर्ष 2023-24 में वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग करते हुये प्राकृतिक कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, रेशम पालन एवं कृषि अभियांत्रकीय में उत्कृष्ट कार्य हेतु कृषकों/कृषक समूहों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस हेतु जिले के समस्त उत्साही व प्रगतिशील कृषक अपने क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत कृषि विस्तार अधिकारी या वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर आवेदन प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में 30 अगस्त 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। किसान अधिक जानकारी हेतु विकासखण्ड स्तर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी एवं पुष्पराजगढ़ एवं जिला स्तर पर कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा जिला अनूपपुर में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## निर्माण कार्य का किया अवलोकन



**करेली ।** बुधवार को महेंद्र सिंह किलेदार वार्ड की पार्षद संगीता शर्मा पूर्व जल सभापति नगर पालिका परिषद करेली के आग्रह पर अंडर ब्रिज में पानी की निकासी के लिए जो पाइप लाइन डाली जा रही है उसके रेलवे ठेकेदार जतिन बेलानी को कटनी से बुलाकर संपूर्ण करेली अंडर ब्रिज पानी निकासी की जानकारी ली पार्षद संगीता शर्मा को बताया कि अगर बारिश नहीं होती तो 8 दिन में पूरे अंडर ब्रिज की पाइपलाइन डल जाएगी और कार्य पूर्ण हो जाएगा पुराने अंदर पास तक पाइपलाइन डाली जा रही है तो संगीता शर्मा ने कहा कि लालपुल तक क्यों नहीं डाली जा रही तो उन्होंने बताया की आगे कच्चा रहेगा और वहां से पानी पूरा निकल जाएगा पार्षद संगीता शर्मा ने अंडर ब्रिज पाइपलाइन के पास जाकर लेवल की जांच की ठेकेदार को करेली आने एवं संपूर्ण अंडर ब्रिज में पानी निकासी की जानकारी देने के लिए पार्षद ने धन्यवाद कहा अंडर ब्रिज में आवागमन करने से बारिश के मौसम में परेशानी नहीं होगी।

## वीरांगना लक्ष्मीबाई को किया याद

**नरसिंहपुर ।** बलिदान दिवस पर वीरांगना लक्ष्मीबाई को किया याद करते हुये उनकी वीरता को नमन किया गया । जिन्होंने देश की सेवा और आजादी के लिये अपने प्राण न्यौछावर किये वे सदैव ही इतिहास के पन्नों में अमर हैं। उक्ताशय के विचार कवि अशोक त्रिपाठी ने योग समिति द्वारा श्रीराम सभागृह गायत्री मंदिर में वीरांगना लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। कवि त्रिपाठी उनकी वीरता पूर्ण कविता प्रस्तुत की । बलिदान दिवस के इस पावन अवसर पर पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी डा.केदार गुप्ता बी एस पटेल राजेश जाट एन सी जैन ने भी वीरांगना के कृतित्व व्यक्तिव पर अपने विचार व्यक्त किए। गीत गायक पं. सुधीर दुबे ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में राजकुमार जाट, अशोक नेमा, जे के पटेल श्रीकांत नामदेव आर के पटवा दामोदर राव सुधीर दुबे महेंद्र श्रीवास्तव शरद साहू शिवप्रसाद साहू एल डी दुबे, धनराज साहू सचिन पालीवाल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## कल मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नरसिंहपुर ।** लोक शिक्षण संचालनालय मप्र भोपाल के निर्देशानुसार पूर्व वर्षानुसार इस वर्ष भी 21 जून 2024 को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वृहद पैमाने पर आयोजित कर मनाया जायेगा। दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रतिपल अनुसार प्रातः 6 बजे से उत्कृष्ट विद्यालय स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए जिला समिति का गठन कर दायित्व सौंपे गये है। कार्यक्रम में अतिथि स्वागत समिति, समारोह की सम्पूर्ण व्यवस्था एवं मॉनिटरिंग समिति, मंच व्यवस्था समिति, मंच संचालन समिति, योग प्रदर्शन समिति, टेंट एवं साउंड व्यवस्था समिति, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था समिति, साफ- सफाई एवं स्वच्छ पेयजल एचं चूना लाइन व्यवस्था समिति, चिकित्सा समिति, स्वागत व्यवस्था समिति, मैदान व्यवस्था समिति, बालक व बालिका वर्ग समिति, स्वल्पाहार एवं पेयजल व्यवस्था एवं सहयोग समिति, डाटा फीडिंग समिति, प्रचार- प्रसार समिति व आभार प्रदर्शन के लिए दायित्व सौंपे हैं। सीईओ जिला पंचायत नरसिंहपुर दलीप कुमार ने समस्त अधिकारी लोक सेवकों को सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करने। कार्यक्रम की तैयारी के लिए 20 जून को प्रातः 10 बजे एवं 21 जून को प्रातः 5.30 बजे से अपनी उपस्थिति उत्कृष्ट विद्यालय स्टेडियम ग्राउण्ड नरसिंहपुर में देना सुनिश्चित करने को कहा है।

# खुद की जिम्मेदारी समझकर करें कार्यः कलेक्टर

**कृषि संयुक्त कार्यशाला का आयोजन**








**नरसिंहपुर।** बुधवार को खाद्यान्न के आयात से मुक्ति एवं आत्मनिर्भरता के संकल्प को कृषि के क्षेत्र में सही खाद पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के सहकारिता एवं अधिकारियों की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन सावित्री सिग्नेचर होटल नरसिंहपुर में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। यह संयुक्त कार्यशाला इंडियन फारमर्स फर्जिलाईजर्स को-ऑपरेटिव लिमिटेड- इफको के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

### किसानों से संपर्क में रहे अधिकारी

कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि दोनों विभागों का प्रमुख कर्तव्य है कि वे भारत में कृषि के नये तरीकों के क्रियान्वयन में इस कार्य को प्रशासनिक तरीके से नहीं इसे खुद की जिम्मेदारी समझकर कार्य करना होगा। समिति को खाद का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए योजना तैयार करें। किसानों से सतत सम्पर्क कर प्रकृति को संरक्षित करने के लिए प्रयास करें। प्राकृतिक रूप से कृषि कार्य करने के लिए किसानों को प्रेरित करें।

### यूरिया छिड़काव को दे बढ़ावा

कार्यशाला में इफको के क्षेत्र में कलेक्टर सहकारिता समिति गाडरवारा को प्रथम, सहकारिता समिति चारगांव को द्वितीय एवं सहकारिता रम्पुरा-तेंदूखेड़ा को तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यशाला में इफको राज्य विपदान प्रबंधक ने बताया कि नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया नैनो टेक्नोलॉजी तकनीक पर आधारित उर्वरक है। इसमें तत्व पार्टिकल साइज में रहते हैं और इनकी एक बोतल एक बोरी डीएपी और एक बोरी यूरिया के बराबर काम करती है उक्त उर्वरक के कण इतने छोटे होते हैं की स्प्रे करने पर आसानी से पौधों के अंदर प्रवेश कर जाते हैं।

### किसानो को आधुनिक कृषि दी गई जानकारी

डीजीएम आर के मिश्रा ने बताया कि नैनो डीएपी किसानों के लिए अधिक लाभदायक है। इसकी प्रयोग विधि, बीजोपचार, जड़ बंद उपचार, फसलों पर छिड़काव आदि के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. ओम शरण तिवारी ने बताया कि इफको के नैनो जिंक एवं नैनो कॉपर से खेती में उक्त तत्वों की कमी भी कुशलता पूर्वक दूर की जा सकती है। डॉ. विशाल मेश्राम ने विस्तार रूप से संतुलित उर्वरक के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। उप संचालक कृषि यूके कटहरे ने नैनो उर्वरकों से होने वाले फायदे एवं आधुनिक कृषि में उसके महत्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय अधिकारी उफको अजय प्रताप सिंह राजपूत ने किया। प्रशिक्षण में राज्य विपणन प्रबंधक, इफको मप्र के प्रकाश पाटीदार, उप संचालक कृषि यूके कटहरे, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक नरसिंहपुर के महाप्रबंधक डीके राय, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विशाल मेश्राम, जिला विपणन अधिकारी नरसिंहपुर एमएल कुसरे, उपायुक्त सहकारिता नरसिंहपुर राजेन्द्र सिंह मौजूद थे।

# शासकीय विद्यालयों में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**नरसिंहपुर ।** स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। गोटेगांव विकासखंड के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल ठेमी में सरपंच मस्तराम गुमास्ता, प्राचार्य गोविंद बड़कुर और एचएस पटेल द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रदेश के शिक्षा मंत्री के संदेशों का वितरण किया गया। सरपंच गुमास्ता ने सभी विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक मौजूद थे। पीएम श्री हायर सेकेण्डरी स्कूल करकबेल में जनप्रतिनिधियों व अभिभावकों की मौजूदगी में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तिलक एवं पुष्पहार पहनाकर उनका स्वागत किया गया। प्राचार्य रघुवीर सिंह लोधी ने विद्यालय में राज्य स्तर पर विद्यार्थियों की उपलब्धियों व स्कूल की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने प्रदेश के शिक्षा मंत्री के संदेशों का वितरण किया। सभी छात्र- छात्राओं को नवीन शिक्षण सत्र की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य की सराहना कर छात्र- छात्राओं को प्रेरित किया। पीएम श्री हायर सेकेण्डरी विद्यालय एमएलबी नरसिंहपुर में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान छात्राओं का स्वागत कर निशुल्क पाठ्य- पुस्तकों का वितरण किया गया। प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा ने अभिभावकों के संदेश का वितरण किया। छात्राओं को अध्ययन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक और अभिभावक मौजूद थे।

## एमपीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त

**नरसिंहपुर ।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2024 दो सत्रो में आयोजित की जावेगी। यह परीक्षा 23 जून 2024 को प्रातरू 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक दो सत्रो में होगी। परीक्षा आयोजन की वर्तमान व्यवस्था के अतिरिक्त महत्वपूर्ण परीक्षा की प्रक्रियात्मक निष्पक्षता और नागरिकों में उनके प्रति विश्वास बनाये रखने के लिए जबलपुर संभाग के लिए सेवानिवृत्त आईएएस शिवनारायण रूपला को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। संयुक्त कलेक्टर एवं परीक्षा प्रभारी नरसिंहपुर ने संभागीय पर्यवेक्षण के आगमन पर नायब तहसीलदार करेली विक्रम ठाकुर को लायजनिंग अधिकारी एवं सहायक ग्रेड 3 कार्यालय तहसीलदार नरसिंहपुर अनिल चौधरी को लिपकीय सहायक के रूप में नियुक्त किया गया है।

## वृक्ष लगाने का लिया संकल्प , पौधे भेंट किये



**नरसिंहपुर ।** विगत दिवस वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर की बैठक राम जानकी मंदिर धनारे कॉलोनी में हुई। हनुमान चालीसा पाठ एवं राम नाम संकीर्तन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । परिषद ने अधिकाधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। हरियाली वृक्षारोपण में गहरी रुचि रखने वाले समाज सेवी अनिल राय और वन विभाग में रहकर पौधे लगाने वाले वाले मानक पटेल का परिषद द्वारा पुष्पमाला शाल श्रीफल से सम्मान एवं नागरिक अभिनंदन किया गया।उक्त अवसर पर भाई अनिल राय ने परिषद के सभी सदस्यों को गमले सहित पौधे भेंट कर वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया। पौधारोपण की इस दिशा में श्री राय की इस पहल को सभी ने सराहा । परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ महेश त्रिपाठी ने भी श्री राय को आंवला का पौधा भेंट किया । परिषद की ओर सेओज कवि अशोक त्रिपाठी एडवोकेट जोगिंदर सिंह बी एस पटेल गणेश कुमार चतुर्वेदी अरुण खरे डॉक्टर महेश त्रिपाठी डा केदार गुप्ता आर के नेमा यू एस उपाध्याय पंडित एम एल हरदेनिया सहित अनेक वरिष्ठजन उपस्थित थे।

## बरसात के दिनों में घरों में भरेगा मुख्य सड़क का पानी




**तेंदूखेड़ा-** पुराने बस स्टैंड से मंडी चैराहा तक जाने वाली वार्ड क्रमांक 07 की मुख्य सड़क जिसे पूर्व में माडल सड़क का रुप दिया जाना था। शुरू से ही चर्चाओं में रहने फिर न्यायालय में मामला चले जाने के चलते यह सड़क माडल सड़क की बजाय अब चर्चित सड़क के रुप में जानी पहचानी लगी है। सड़क निर्माण को लेकर जहां बीच में लगे विद्युत पोलो को अलग किया जाना था वह भी नहीं किये गये हैं।जो आने वाले समय में आवागमन में बाधक बनेंगे। चूंकि इस सड़क का एक भाग तो कुछ समय पूर्व बन चुका है लेकिन अब दूसरे भाग के निर्माण के बाद से पानी निकासी और ढाल टी समस्या को लेकर प्रभावित वर्ग ने सामूहिक रूप से क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के निवास पर पहुंच कर अपनी समस्या से लिखित में अवगत कराया है। सौंपे गए आवेदन पत्र में प्रभावित पक्ष ने स्पष्ट किया है कि इस सड़क का निर्माण आम सहमति से ही बनाये जाने का निर्णय नगर परिषद ने लिया था। बरसाती पानी निकासी को लेकर दोनों तरफ नालियों के साथ पेवर ब्लाग लगाने की भी बात रखी गई थी लेकिन एक तरफ की सड़क बन जाने के बाद जगह तो छोड़ी गई है लेकिन पेवर ब्लाग नहीं लगाये गये हैं। दूसरी तरफ जो सड़क अब निर्मित की जा रही है वह सीधे रहवासियों के मकान से सटा कर बना दी गई है इसमें नाली के लिए कोई भी जगह नहीं छोड़ी गई है। बरसात के दिनों में यह बरसाती पानी सीधा मकानों में घुसेगा। निश्चित रूप से लोगों को नुकसान भी होगा। नगर परिषद के सी एम ओ को भी यह विषय बता दिया गया था लेकिन कोई उचित पहल ना होने की स्थिति में विधायक के समक्ष यह विषय रखा गया है। जिसमें पुरुषोत्तम पटेल परमेश्वर पटेल शिवराज खेरोनिया बसंत सोनी मोहन पटेल अशोक राय शंकर सिंह राजकुमार स्वदेशी दिनेश जैन ओमप्रकाश पंकज साहू नीलेश लखेरा प्रवीण गुप्ता श्रीराम राय सतीश मरेठी संजू राय सहित बड़ी संख्या में प्रभावित वर्ग शामिल हैं।

## घर से उठा ले गया बाइक

**तेंदूखेड़ा-** विगत दिवस समीपी ग्राम भामा निवासी हरिराम केवट पिता भज्जू केवट ने एक जानकारी मे बताया कि उसकी बजाज ऑटो कंपनी की सीटी 100 बीएस 6 मॉडल की लाल कलर की मोटरसाइकिल क्रं एमपी 49 एम एस 2625 को काई व्यक्ति घर से उठाकर ले गया है। जिसकी लिखित जानकारी पुलिस थाना तेंदूखेड़ा मे भी दर्ज कराई गई है।

# सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम संपन्न



नरसिंहपुर । विश्व सिकल दिवस पर सिकल सेल एनीमिया हेतु जागरूकता कार्यक्रम जिला चिकित्सालय नरसिहपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति काकोडिया, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष काकोडिय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग इस अभियान में अपनी महती भूमिका निभा रहा है। गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश ने कहा कि आदिवासी बेल्ट में इसकी जांच एवं जागरूकता हेतु शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम के लिए संचालित अभियान में जनप्रतिनिधि भी अपना सहयोग दें। तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजना के क्रियान्वयन हेतु स्वास्थ्य विभाग की सराहना की। उन्होंने अपेक्षा की कि कोई भी जरूरत मंद व्यक्ति स्वास्थ सुविधा से वंचित नहीं रहे। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने पल्स पोलियों के अभियान की सफलता के प्रमुख संसाधनों के लिए सफल स्टोरी बताते हुए कहा कि इसी आधार पर हम सभी मिलकर सिकल सेल अभियान में सफल हो सकते हैं। अभियान की सफलता में सभी की सहभागिता से हम बड़ी से बड़ी बीमारी को रोक पाएंगे। विवाह पूर्व जांच के लिए प्रेरित करें, जिससे अनुवांशिक बीमारी की रोकथाम हो सके। इसका अधिक से अधिक व्यापक प्रचार- प्रसार हो। सीईओ जिला पंचायत ने परिजनों से इसके नियमित उपचार की बात कही। सिविल सर्जन डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि जिले के प्रभावित क्षेत्रों में नियमित सैंपलिंग की जा रही है। वर्तमान में ब्लड बैंक में 320 परिवार रजिस्टर्ड हैं, जिनको 15 से 30 दिवस में ब्लड दिया जाता हैं। नरसिंहपुर विकासखंड के गोरखपुर व ऊसरी और चीचली विकासखंड के ग्राम गोटीटोरिया के आदिवासी अंचल में इस बीमारी का प्रभाव ज्यादा है। जहां समय- समय पर सैंपलिंग की जा रही है। मरीजों के उपचार के लिए ब्लड बैंक में रक्तदान हेतु लोगों से अपील की। डॉ. प्रियंका नेमा पैथोलॉजी विभाग द्वारा सिकल सेल बीमारी के लक्षण, उपचार, बचाव की विस्तृत जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. राकेश बोहरे, सिविल सर्जन डॉ. मुकेश जैन, संदीप ममार, बंटी सलूजा, ठा. राजेंद्र सिंह, राजेंद्र पटेल, राजकुमार, अन्य जनप्रतिनिधि, अस्पताल का स्टाफ और नागरिक मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हिंसा की हम निंदा करते हैं: श्री पटेल

**कार्यकर्ताओं का जताया आभार**




### भाजपा की जिला बैठक संपन्न

नरसिंहपुर । गत दिवस भाजपा जिला कार्यालय मे आगामी समय में संपन्न होने वाले संगठनात्मक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु जिला बैठक संपन्न हुई बैठक की शुरूआत महापुरूषो के चित्रो पर माल्यार्पण कर की गई तत्पश्चात अपने अध्यक्षीय उदबोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा ने देश में तीसरी बार मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने पर जिले के समस्त कार्यकर्ताओं को धन्यवाद प्रेषित कर कहा कि मध्यप्रदेश के इतिहास में पहली बार कार्यकर्ताओं की अथक महनत की बदोलत हमने 29 सीटें जीती है आज कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम के बदोलत ही पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक भाजपा के जनप्रतिधि स्थापित है।

### जनहित की भावना से करें कार्य

उन्होने प्रदेश संगठन द्वारा आगामी समय में होने वाले विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 1 माह हेतु पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम तय किए गये है। जिन्हें प्रत्यक्ष किए गये है। जिन्हें प्रत्येक मंडल के प्रत्येक बूथ पर आम जनों की सहभागिता से उत्साह पूर्वक मनाना है। जिसमें सर्वप्रथम 21 जून को अंतर्राश्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग दिवस कार्यक्रम आयोजित करना 23 जून को डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस एवं 6 जुलाई को जन्मजयंति मनाना, 23 जून से 6 जुलाई तक 1 वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन करना 25 जून को आपातकाल दिवस मनाना व 30 जून को मन की बात का कार्यक्रम स्थानीय जनों के साथ सुनाना शामिल है इन सभी कार्यक्रमों में पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मोर्चा अध्यक्ष प्रकोश्ठ अध्यक्ष अपनी संपूर्ण कार्यकारणी के साथ सक्रिय सहभागिता प्रदान करें ऐसी प्रदेश संगठन की सभी से अपेक्षा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पहचान ही उसके कार्यक्रम है ये कार्यक्रम ही हमें दूसरी पार्टियों से भिन्न बनाते है और हमें समाज से जोड़ते है। इन छोटे छोटे कार्यक्रमों के कारण ही इतने विशाल रूप में पहुंची है जितनी सीटें अकेली भाजपा ने इस चुनाव में जीती है उतनी तो मिलकर भी नहीं जीत पाया उन्होंने तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी।

### कार्यकर्ताओं के साथ हिंसा की निंदा

पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास व अथक परिश्रम व जनता द्वारा पार्टी प्रत्याशी को अपना मत रूपी अमूल्य आशीर्वाद देकर प्रचंड बहुमत से विजयी बनाया है। इस हेतु सभी का बहुत बहुत धन्यवाद। उन्होंने आगे कहा कि जिन प्रदेशों में भाजपा की सरकारें है वहां चुनाव के बाद शांति है हम राजनैतिक द्वेस की भावना से कार्य नहीं करते है तो दूसरी ओर विपक्ष की जिन प्रदेशो में सरकारें है वहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हिंसा की जा रही है।



हम इसकी निंदा करते है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन डॉ.हरगोविन्द सिंह पटेल एवं आभार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिनेन्द्र डागा ने किया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, महेन्द्र नागेष पूर्व विधायक साधना स्थापक प्रदेष कार्य समिति सदस्य अवधेष प्रताप पटेल जिला महामंत्री ठा.राजीव सिंह, नंदकिषोर ठाकुर जिला उपाध्यक्ष शंकर चैधरी, हरिप्रताप ममार, विनीत नेमा, राहुल कौरव, जिला कोशाध्यक्ष नीलकमल जैन कार्यालय मंत्री कमल सिंह जाट, शिशिर चरण दुबे मोर्चा अध्यक्ष मोहरकांत गुर्जर, मंडल अध्यक्ष परशोत्तम पटेल, रामनारायण सोनी, ब्रजेश पटेल, बृजेन्द्र पटेल, नीलेश शर्मा, मनोज शर्मा, अभिजीत महाजन, अजय सोनी,कमलेश कौरव, राजेश मोहन शर्मा, विनोद मेहरा, राजेन्द्र पटेल, मुन्नालाल सराठे, सुरेन्द्र तिवारी सहित बडी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।